राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 12.02.2019

आयोग द्वारा **वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा, 2018** का आयोजन दिनांक 17.02.2019 व 19.02.2019 को सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र एक सत्र में प्रातः 09:30 बजे से 11:30 बजे तक एवं ऐच्छिक विषयों के प्रश्न पत्र दिनांक 17.02.2019 व 19.02.2019 को 02:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक एवं दिनांक 18.02.2019 व 20.02.2019 को प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे एवं दोपहर 02:30 बजे से सायं 05:00 तक दो–दो सत्रों में समस्त संभागीय जिला मुख्यालयों पर किया जा रहा है। उक्त परीक्षा के प्रवेश–पत्र अपलोड कर दिये गये है।

उक्त परीक्षा के ऐच्छिक विषय सामाजिक विज्ञान, विज्ञान व गणित हेतु सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र दिनांक 17.02.2019 को एवं ऐच्छिक विषय संस्कृत, हिन्दी व अंग्रेजी हेतु सामान्य ज्ञान का प्रश्न पत्र दिनांक 19.02.2019 को आयोजित किया जाना निश्चित किया गया है।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध लिंक पर जाकर आवेदन–पत्र क्रमांक (Application No.) व जन्म दिनांक से डाउनलोड कर लेवें। अभ्यर्थी https://sso.rajasthan.gov.in पर लॉगिन कर तथा Recruitment portal का चयन कर भी प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते है। अपने परीक्षा केन्द्र पर एक फोटो एवं मूल फोटो पहचान–पत्र अवश्य लेकर परीक्षा समय से दो घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। मूल पहचान–पत्र के अभाव में अभ्यर्थी को केन्द्र पर प्रवेश नहीं दिया जावेगा। अभ्यर्थी परीक्षा हेतु जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन कर लेवें।

अभ्यर्थी प्रत्येक प्रश्न–पत्र हेतु अलग–अलग प्रवेश–पत्र लेकर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होवें।

नोट :– उक्त परीक्षा के समस्त अभ्यर्थियों को सर्दी के मौसम के मद्देनजर गर्म कपडे एवं शूज (Shoes) पहनकर परीक्षा में बैठने हेतु अनुमत किया जाता है।

(पी.सी.बेरवाल)
सचिव